राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 7 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के अवसर पर देश और प्रदेश की नारी शक्ति को शुभकामनाएं दी है।

राज्यपाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि आज की नारी न सिर्फ अपने परिवार की देख—रेख करने में बल्कि हर क्षेत्र में नेतृत्व करने में सक्षम है। उन्होंने इस अवसर पर शिक्षा, रोजगार, खेल, व्यवसाय, राजनीति, आर्थिक और सामाजिक जीवन में महिलाओं को अवसरों की समानता सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

————————